बिज़नेस भास्कर

बिजनेस ब्रीफ

वारी 'ऑरोवॉल्ट' के जरिए डेटा सेंटर बिजनेस में उतरी

मुंबई| वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज की सब्सिडियरी कंपनी वारी ग्रीन डेटा सेंटर्स ने सोमवार को ऑरोवॉल्ट डेटा सेंटर्स नाम की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी बनाई। यह हाइपरस्केल, एआई-रेडी और एज डेटा सेंटर बनाने और ऑपरेट करने के साथ क्लाउड, जीपीयू होस्टिंग और साइबर सिक्योरिटी सर्विसेज भी देगी।

एस्सार ने ब्रिटेन में पेट्रोल पंप का नेटवर्क खरीदा

नई दिल्ली | एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन रिटेल ने ब्रिटेन की एसजीएन रिटेल को 25 करोड़ पाउंड (₹3,229 करोड़) में खरीद लिया है। इससे कंपनी के पास 118 नए फोरकोर्ट जुड़ेंगे और कुल नेटवर्क 235 साइट्स का हो जाएगा। 2031 तक 800 फोरकोर्ट का टारगेट है। यह डील ब्रिटेन में ईंधन की बिक्री मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है।

भारत ने अगस्त में रूस को 70% ईंधन निर्यात किया

नई दिल्ली | भारत ने अगस्त में रूस के कुल ईंधन आयात के 70% हिस्से की सप्लाई की। भारत बड़े पैमाने पर कच्चा तेल रूस से खरीदता रहा है। यूक्रेनी हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित होने के बाद रूस ने भारत से पेट्रोल-डीजल जैसे प्रोडक्ट्स मंगवाए। दूसरी तरफ रूस से भारत का कच्चा तेल आयात 25% घटकर ₹45,434 करोड़ का रह गया।

चिंता • तेज मांग और लगातार तकनीकी तरक्की की उम्मीद पर चढ़े भाव, देरी की आशंका से बिकवाली

एआई की रफ्तार घटाने की अपील से बाजार टूटे; सॉफ्टबैंक जैसे टेक शेयर 13% तक गिरे

भास्कर न्यूज | मुंबई

एआई की रफ्तार पर ब्रेक लगाने की मांग ने दुनियाभर के शेयर बाजारों में खलबली मचा दी है। खुद एआई दिग्गजों की तरफ से 'मानवता के लिए खतरा' जताए जाने के बाद सोमवार को एशियाई बाजारों में चिप और एआई शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई।

अकेले सॉफ्टबैंक का शेयर 13.2% तक टूट गया, वहीं अमेरिकी नैस्डैक वायदा भी 1.3% नीचे आ गया। एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने शनिवार को जारी लेख में कहा कि एआई के दुरुपयोग की बढ़ती आशंकाओं के बीच कंपनियों को मॉडलों की क्षमताएं बढ़ाने की गति धीमी करनी चाहिए। ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और एक्सएआई के एलन मस्क ने उनका समर्थन किया। सैक्सो बैंक की मुख्य निवेश रणनीतिकार चारु चनाना के मुताबिक, एआई और चिप कंपनियों के मूल्यांकन में मजबूत मांग और लगातार तेज तकनीकी प्रगति की उम्मीद शामिल है। अपेक्षाएं इतनी ऊंची हों तो संभावित देरी भी मुनाफा वसूली करा सकती है।

गणेश चतुर्थी के कारण सोमवार को भारतीय बाजार बंद रहे। मंगलवार को बाजार पर महंगे कच्चे तेल, महंगाई बढ़ने और वैश्विक बाजारों की कमजोरी का दबाव दिख सकता है।

जापान, हांगकांग, कोरिया सभी बाजारों में गिरावट

कंपनी	बाजार	ट्रेडिंग के दौरान गिरावट
सॉफ्टबैंक	जापान	13.2% तक
ज़ेड.एआई	हांगकांग	10.5% तक
कियोक्सिया	जापान	9.8%
मिनीमैक्स	हांगकांग	7.8% तक
झोंगजी इनोलाइट	हांगकांग	6.7% तक
एसके हाइनिक्स	द. कोरिया	5.3%
सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स	द. कोरिया	3.7%
टीएसएमसी	ताइवान	1.2%



सोर्सः फाइनेंशियल टाइम्स, ब्लूमबर्ग

भास्कर नॉलेज | एआई पर ब्रेक की अपील क्यों; जांच के दौरान ऐसा क्या हुआ कि खतरा बढ़ने के संकेत मिले?

चिंता अब क्यों बढ़ रही है? परीक्षणों में सामने आया कि एआई एजेंटों ने आपस में अनधिकृत बातचीत की, इंटरनेट तक पहुंच बनाई और सिस्टम में घुसपैठ की।

परीक्षण में क्या हुआ? ओपनएआई की जुलाई की घटना की स्वतंत्र जांच में सामने आया कि 1,200 एजेंटों ने अनधिकृत माध्यम से 70 हजार से अधिक संदेश और फाइलें साझा कीं। लगभग 700 एजेंट हगिंग फेस से जुड़ी गतिविधि में शामिल थे। एजेंटों ने दर्जनों सर्वरों पर कोड चलाया और कुछ निजी जानकारी तक पहुंच बनाई।

क्या दूसरी कंपनियों में भी ऐसा हुआ? एंथ्रोपिक को शुरुआती जांच में तीन घटनाएं मिलीं, जिनमें परीक्षण कर रहे मॉडल वास्तविक इंटरनेट के जरिए बाहरी संस्थाओं की प्रणालियों तक अनधिकृत रूप से पहुंचे। ब्रिटेन के एआई सिक्योरिटी इंस्टीट्यूट के 122 परीक्षणों में 10 बार एजेंटों ने इंटरनेट पर अनधिकृत कार्रवाई की।

सबसे बड़ा खतरा क्या है? कॉग्निजेंट के मुख्य एआई अधिकारी बाबक होदजत के मुताबिक, स्वायत्त एजेंटों का आपस में और आसपास के सिस्टम से संपर्क अनचाहा, जोखिम भरा व्यवहार पैदा कर सकता है।

कंपनियां इससे निपटने को तैयार हैं? 500 वैश्विक कंपनियों पर आधारित रिपोर्ट में सिर्फ 16% ने साइबर सुरक्षा को एजेंट से जुड़े खतरों से आसानी से निपटने योग्य बताया। महज 12% संवेदनशील जानकारी तक एजेंटों को व्यापक पहुंच देने में सहज हैं।

भास्कर एक्सपर्ट



सुदीप शाह
वीपी, एसबीआई सिक्युरिटीज

डॉलर-कच्चे तेल के दबाव से मार्केट की कमजोरी गहरा रही

- ब्रेंट क्रूड के 108 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने और अमेरिका-ईरान तनाव के कारण महंगाई और रुपए पर भारी दबाव बढ़ गया है। यूएस बॉन्ड यील्ड 4.97% के उच्च स्तर पर पहुंचने और अमेरिका में रेट हाइक की आशंका से विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने जमकर बिकवाली की, जिससे निफ्टी 2% और फिसलकर अपने हालिया उच्च स्तर से 1500 अंक से ज्यादा टूट चुका है।
- तकनीकी मोर्चे पर निफ्टी अब मूविंग एवरेज से नीचे आ गया है और इसका डेली आरएसआई 27.66 पर है।
- मौजूदा गिरावट के बीच 23,000-23,100 का जोन सबसे बड़ा सपोर्ट माना जा रहा है। इसके टूटने पर बाजार 22,800 तक फिसल सकता है, जबकि ऊपर की ओर 23,650 पर कड़ी रुकावट है। सेंसेक्स भी दबाव में है और 75,600 के नीचे कमजोरी के संकेत दे रहा है। फार्मा और हेल्थकेयर को छोड़कर बाकी ज्यादातर शेयर सेक्टर सुस्त पड़े हैं। ऐसे में, जब बाजार में भारी उतार-चढ़ाव हो, तो निवेशकों को ज्यादा कर्ज लेकर या जोखिम उठाकर ट्रेड करने से बचना चाहिए।

फेस्टिव ऑफर • डिस्काउंट के साथ एक्सचेंज या स्क्रैपेज बेनिफिट

कार कंपनियों ने पहले दाम बढ़ाए, अब डीलर दे रहे 3.35 लाख तक छूट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

त्योहारों का सीजन शुरू होते ही कार कंपनियां भारी छूट का दावा करने लगी हैं। गणेश चतुर्थी से शुरू त्योहारी खरीदारी दशहरा और दिवाली तक चलेगी। दिलचस्प है यही कंपनियां कीमतें बढ़ा चुकी हैं। मारुति सुजुकी मई से अब तक तीन बार दाम बढ़ा चुकी है, टाटा मोटर्स और हुंडई मोटर इंडिया ने भी कीमतें बढ़ाई हैं। इसके बावजूद डीलर स्तर पर टाटा मोटर्स ₹3.35 लाख तक, महिंद्रा एंड महिंद्रा ₹2.5 लाख तक और होंडा ₹2.44 लाख तक के बेनिफिट और छूट की पेशकश कर रही हैं। लेकिन इनके साथ अलग-अलग शर्तें जुड़ी हुई हैं। यानी हर ग्राहक को पूरी बचत होना तय नहीं।

इस बार बेनिफिट्स, लेकिन शर्तों के साथ

टाटा मोटर्सः सबसे ज्यादा बेनिफिट्स, पर शर्तों के साथ कर्व ईवी पर डीलरों के पास ₹3.35 लाख तक बेनिफिट की लिस्टिंग है, लेकिन यह कैश डिस्काउंट के साथ एक्सचेंज या स्क्रैपेज बेनिफिट जोड़कर बना आंकड़ा है। हैरियर ईवी पर भी ₹2.75 लाख तक के बेनिफिट की बात कही गई है। पेट्रोल-डीजल कर्व और नेक्सॉन पर छोटे, मॉडल-विशेष ऑफर अलग से हैं।

महिंद्राः पूरी रेंज पर 2.5 लाख रुपए तक के बेनिफिट्स थार रॉक्स, स्कॉर्पियो एन और एक्सयूवी 3एक्सओ पर अलग-अलग बेनिफिट्स हैं। पूरी रेंज में अधिकतम ₹2.5 लाख तक के बेनिफिट्स का दावा है। एक्सचेंज बेनिफिट और फ्री एक्सेसरीज जोड़कर आंकड़ा बड़ा दिख रहा है, जबकि यहां भी सीधा कैश डिस्काउंट कम ही है।

मारुति, हुंडई, होंडाः 1-2.5 लाख तक का डिस्काउंट मारुति विक्टोरिस के स्ट्रॉन्ग-हाइब्रिड वर्जन पर ₹1.35 लाख तक डिस्काउंट है। हुंडई क्रेटा पर ₹1 लाख तक बेनिफिट पार्टनर-डीलर लिस्टिंग में दिख रहा है। होंडा एलिवेट पर सबसे ज्यादा ₹2.44 लाख तक बेनिफिट हैं।

मास मॉडल की लगभग सभी कारों पर डिस्काउंट-बेनिफिट उपलब्ध

कंपनी	मॉडल	छूट/बेनिफिट
टाटा मोटर्स	कर्व ईवी	₹3.35 लाख तक
टाटा मोटर्स	हैरियर ईवी	₹2.75 लाख तक
महिंद्रा	थार रॉक्स, अन्य*	₹2.5 लाख तक
होंडा	एलिवेट	₹2.44 लाख तक
मारुति सुजुकी	विक्टोरिस (हाइब्रिड)	₹1.35 लाख तक
हुंडई	क्रेटा	₹1 लाख तक



*स्कॉर्पियो एन, एक्सयूवी 3एक्सओ

कंपनियां बढ़ती लागत के दौर में मार्जिन-बिक्री के बीच संतुलन बना रहीं

सभी आंकड़े डीलर लिस्टिंग पर हैं। अगस्त में डीलरों के पास 38-40 दिन का स्टॉक था, जबकि रिटेल बिक्री पहली बार सालाना 16.14% बढ़कर 4 लाख कारों से ऊपर निकल गई। स्टॉक खपाने का दबाव भी छूट की एक वजह है। मोबिलिटी ग्लोबल के डायरेक्टर पुनीत गुप्ता के मुताबिक, कंपनियां बढ़ती लागत के दौर में मार्जिन और बिक्री के बीच संतुलन बना रही हैं।

टेलीकॉम • नियमों के उल्लंघन की शिकायत, जांच

वोडाफोन आइडिया के खिलाफ एयरटेल और जियो लामबंद हुई

गुलवीन औलख | नई दिल्ली

भारती एयरटेल और रिलायंस जियो अब पूरे दम-खम के साथ वापसी कर रही वोडाफोन आइडिया (वीआई) के खिलाफ नियामक ट्राई के पास पहुंच गई हैं। मामला ग्राहकों को अपने नेटवर्क पर लाने के तरीके से जुड़ा है।

दोनों कंपनियों ने ट्राई से शिकायत की है कि वीआई मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी यानी नंबर बदले बिना नेटवर्क बदलने की सुविधा का गलत इस्तेमाल कर रही है। आरोप है कि वीआई के एजेंट खुद को दूसरी कंपनी का कर्मचारी बताकर ग्राहकों को कॉल करते हैं और आगामी टैरिफ बढ़ोतरी का डर दिखाकर वीआई में पोर्ट कराते हैं। कंपनी अन्य नियमों का भी उल्लंघन कर रही है। वीआई ने सभी आरोपों से इनकार किया है। ट्राई ने कहा है कि शिकायत की जांच होगी।

टाइमिंग

वीआई वापसी के प्रयास में, ₹45,000 करोड़ का प्लान

यह विवाद ऐसे समय आया है जब वीआई बैंकों से 35,000 करोड़ रुपए की फंडिंग और शाहरुख खान वाले नए विज्ञापन अभियान के सहारे वापसी की कोशिश में है। कंपनी पर 1.2 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है, फिर भी वह वित्त वर्ष 2028-29 तक 45,000 करोड़ रुपए नेटवर्क पर खर्च करने की योजना बना चुकी है।

वोडाफोन आइडिया टैरिफ नहीं बढ़ाने वाली अकेली कंपनीः वीआई अभी अकेली ऐसी बड़ी कंपनी है जिसने टैरिफ नहीं बढ़ाया है, जबकि एयरटेल पहले ही अपने पोस्टपेड ग्राहकों के लिए फास्टलेन सर्विस ला चुकी है।

क्लाउड सॉवरेनिटी... डेटा देश के कंट्रोल में रहेगा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सरकार जल्द एक 'क्लाउड सॉवरेनिटी' यानी डेटा पर पूर्ण नियंत्रण वाला फ्रेमवर्क लाने वाली है। इसमें "एयर-गैपिंग' यानी क्रिटिकल सिस्टम को बाहरी नेटवर्क से पूरी तरह अलग रखना अनिवार्य शर्त होगी। दरअसल सरकार चाहती है कि अगर किसी विदेशी क्लाउड कंपनी (जैसे अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट) का उनके मुख्यालय वाले देश से कनेक्शन टूटता है, तो भी भारत में डेटा और सिस्टम चलते रहें। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय चाहता है कि एयर-गैपिंग के जरिए सरकारी विभाग यह भी परखें कि कोई क्लाउड कंपनी भारतीय है या विदेशी। उसकी विदेशी पैरेंट कंपनी पर कितनी निर्भरता है, और कहीं वह अमेरिकी कानूनों के दायरे में तो नहीं आती। सरकार के पास फिलहाल करीब 14 क्लाउड पार्टनर हैं। यह कदम भारत को डेटा सेंटर हब बनाने की रणनीति और डिजिटल सॉवरेनिटी पर बढ़ते जोर का हिस्सा है।

बॉस का चयन • नए सीईओ का इंतजार, अंतिम फैसला आरबीआई करेगा

एचडीएफसी बैंक ने भरूचा के लिए 6 माह की छूट मांगी, बाहरी उम्मीदवार भी सीईओ की रेस में



कैज़ाद भरूचा, अनूप बागची, के. बालासुब्रमण्यन

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

एचडीएफसी बैंक ने नए एमडी और सीईओ के लिए डिप्टी एमडी कैजाद भरूचा और एक बाहरी उम्मीदवार का नाम आरबीआई को भेजा है। बाहरी उम्मीदवार की अंतिम लिस्ट में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के सीईओ अनूप बागची और सिटी इंडिया के सीईओ के. बालासुब्रमण्यन सबसे ऊपर हैं। हालांकि, इनमें से किसका नाम आरबीआई को भेजा गया, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। दोनों नाम जिस प्राथमिकता क्रम में भेजे गए हैं, वह नियुक्ति में अहम हो सकता है।

150 से ज्यादा आवेदन, 10 से कम उम्मीदवारों के इंटरव्यू

शीर्ष पद के लिए 150 से अधिक आवेदन मिले थे। 50 नाम छांटे गए और अंत में 10 से कम बैंकरों के इंटरव्यू हुए। बाहरी उम्मीदवार चुनते समय बोर्ड ने बड़े और जटिल कारोबार संभालने के अनुभव को अहमियत दी।

भरूचा के लिए कार्यकाल के नियम में छूट क्यों जरूरी?

बैंक ने भरूचा को 3 साल का कार्यकाल देने के लिए आरबीआई से करीब छह माह की छूट मांगी है। निजी बैंकों में एमडी, सीईओ या पूर्णकालिक निदेशक का लगातार कार्यकाल अधिकतम 15 साल हो सकता है। जून 2014 में कार्यकारी निदेशक बने भरूचा जून 2029 में यह सीमा पूरी कर लेंगे। भरूचा ऐसे समय नेतृत्व की निरंतरता का विकल्प हैं, जब बैंक पूर्ववर्ती एचडीएफसी के कारोबार को साथ जोड़ने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।

बागची बड़े अनुभवी, बाला सुब्रमण्यन बैंक से परिचित

अनूप बागची (55) को आईसीआईसीआई ग्रुप में 3 दशक से अधिक का अनुभव है। वे खुदरा एवं कॉरपोरेट बैंकिंग, छोटे-मझोले उद्यम, ग्रामीण बैंकिंग, पूंजी बाजार और बीमा जैसे बिजनेस संभाल चुके हैं। बाला सुब्रमणियन का अनुभव मुख्य रूप से कॉरपोरेट और संस्थागत बैंकिंग में है। वे 2016-17 में एचडीएफसी बैंक में कॉरपोरेट बैंकिंग और सरकारी कारोबार संभाल चुके हैं। फिलहाल सिटी इंडिया के सीईओ हैं।

प्याज में हल्की तेजी, लहसुन के भाव स्थिर

इंदौर| देवी अहिल्या मंडी में गणेश चतुर्थी के दिन सोमवार को प्याज की आवक करीब 35 हजार कट्टे रही। भाव में 1 से 2 रुपए किलो की हल्की तेजी रही। सामान्य प्याज 35 से 40 रुपए, सुपर क्वालिटी 41 से 43 रुपए और प्रीमियम माल 44 रुपए किलो तक बिका। गोल्टा-गोल्टी 31 से 33 रुपए, जबकि वीआईपी माल 36 रुपए किलो तक रहा। लहसुन की आवक 6 से 7 हजार कट्टे रही। बाजार में विशेष उतार-चढ़ाव नहीं रहा और भाव स्थिर रहे। 90 से 95% लहसुन 9,000 से 15,000 रुपए क्विंटल बिका। सुपर क्वालिटी 18000 रुपए तक और प्रीमियम माल 18,100 रुपए क्विंटल तक पहुंचा। सामान्य क्वालिटी 8,100 रुपए तक रही। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

चीनी की खुदरा कीमत चौथे दिन ₹60 से नीचे

नई दिल्ली | देशभर में चीनी की औसत खुदरा कीमत सोमवार को 59.57 रुपए प्रति किलो रही। यह लगातार चौथे दिन 60 रुपए से नीचे रहा। त्योहारों के लिए तगड़ी मांग के बावजूद सरकार की तरफ से आयात की अनुमति और स्टॉकहोल्डिंग के नियमों के कारण कीमतें नियंत्रित हैं। हालांकि यह अगस्त 2021 के स्तर से अब भी ऊंची बनी हुई है।

WEDNESDAY DEAL
(INDORE)
Best Rates on Display Appointment Ads

S. N.	Size	Wednesday Price
1.	4cm x 5cm	₹18000/-
2.	8cm x 5cm	₹36000/-
3.	8cm x 8cm	₹57600/-
4.	8cm x 10cm	₹72000/-
5.	12cm x 10cm	₹90000/-
6.	12cm x 15cm	₹110000/-
7.	16cm x 25cm	₹160000/-

5% GST Extra

Book Your Appointment Ad & Reach The Right Candidates Directly



BhaskarAd.com 9772019222

मावा बाजार



इंदौर| 360 रुपए प्रति किलो।
उज्जैन| 300 रुपए प्रति किलो।
रतलाम | मावा सफेद 320 रुपए, पीला 320 रुपए प्रति किलो।

चावल भाव

इंदौर| बासमती (921) 13000 से 14000 तिबार 11000 से 12000 बासमती दुबार पोनिया 10000 से 11000 मिनी दुबार 8000 से 9000 मोगरा 5500 से 7500 बासमती सेला 8500 से 10500 कालीमूंछ डिनरकिंग 10000 राजभोग 7500 दुबराज 5500 से 6000 परमल 3400 से 3500 हंसा सेला 3500 से 3700 हंसा सफेद 3000 से 3200 पोहा 4800 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल।

किराना बाजार • बारिश की कमी से उत्पादकता और शकर रिकवरी घटने की आशंका

कमजोर मानसून से गन्ने की फसल पर बढ़ी चिंता

व्यापार संवाददाता | इंदौर

राष्ट्रीय स्तर पर गन्ने की बिजाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से फसल की चिंता बढ़ गई है। इससे गन्ने की औसत उत्पादकता और शकर की रिकवरी घटने की आशंका है। महाराष्ट्र के कई हिस्सों के अलावा कर्नाटक और तमिलनाडु के अधिकांश क्षेत्रों में दक्षिण पश्चिम मानसून की बारिश कम रही है। अन्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में भी वर्षा का वितरण असमान रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार चालू वर्ष में गन्ने का घरेलू उत्पादन क्षेत्र 58.47 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले साल के 58.87 लाख हेक्टेयर से 40 हजार हेक्टेयर कम है। बिजाई पूरी होने के बावजूद मौसम की स्थिति के कारण शकर उत्पादन का ठोस अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। नीनो प्रभाव और कमजोर मानसून से फसल को खतरा बना हुआ है। गन्ने की कटाई एक साथ नहीं होती। अक्टूबर से शुरू होने वाली कटाई का सिलसिला अप्रैल तक चलता है। इस दौरान फसल को नियमित अंतराल पर बारिश की जरूरत रहती है। इसलिए आने वाले महीनों में वर्षा की स्थिति और खेतों में फसल की बढ़वार उत्पादन के साथ शकर रिकवरी की तस्वीर साफ करेगी।



उधर, सियागंज थोक किराना बाजार में गणेश चतुर्थी के चलते प्रीमियम खोपरा बूरा व्हील की मांग अच्छी बनी हुई है। कारोबारियों के अनुसार व्हील पैकिंग में ग्राहकी बढ़ी है। त्योहारी सीजन को देखते हुए आधा किलो की पैकिंग उपलब्ध है। छोटी पैकिंग से घरेलू ग्राहकी और त्योहारों में उपयोग की मांग को पूरा करने में सुविधा होगी।

छावनी अनाज मंडी भाव

इंदौर| चना कांटा 6750 से 6850 विशाल 6550 से 6650 डंकी चना 6000 से 6300 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8300 से 8500 महाराष्ट्र लाल 8600 से 8900 कर्नाटक 8800 से 9000 निमाड़ी तुअर 6500 से 7800 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6800 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7800 से 9300 काबुली रशियन 6600 से 6800 बिटकी 6200 से 6400 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 6000 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7950 से 8050 मीडियम 8150 से 8450 बेस्ट 8650 से 8950 तुअर दाल 8100 से 8200 मीडियम 9100 से 9400 बेस्ट 10500 से 10800 एक्स्ट्रा बेस्ट 11600 से 11800 ब्रांडेड 13200 मूंग दाल 9200 से 9300 बेस्ट 9400 से 9500 मूंग मोगर 11400 से 11500 बेस्ट 11400 से 11500 उड़द दाल 11000 से 11100 बेस्ट 11200 से 11300 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 रुपए।

जाहिर सूचना

ग्राम मिचौली मर्दाना तहसील मिचौली हप्सी जिला इन्दौर म.प्र. की निम्न वर्णित सम्पत्ति के सम्बंध में।

सर्व सूचित हो कि, हमारे पक्षकार ने (1) श्री कबीर मनवानी पिता श्री मनोज मनवानी, निवासी 147, साकेत नगर, इन्दौर म.प्र., (2) श्री मोहित लालवानी पिता श्री विनोद लालवानी, निवासी 15, साकेत नगर, इन्दौर म.प्र. से उनकी मालकी व आधिपत्य का भू-भाग क्रमांक 15 जो कि ग्राम मिचौली मर्दाना तहसील मिचौली हप्सी जिला इन्दौर म.प्र. के सर्वे नम्बर 254/15 (पुराना मूल सर्वे नम्बर 254/1 व 254/2) रकबा 0-056 हेक्टर आवासीय उपयोग हेतु व्यपवर्तित भूमि पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 563 वर्गमीटर है, को सर्वभार मुक्त व रिक्त स्थिति में क्रय करने का सौदा किया होकर उस पेटे सारवान बयाना राशि भी हमारे पक्षकार ने उक्त विक्रेतापक्ष को अदा कर दी है। सदर सम्पत्ति पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय का कोई ऋण, भार, चार्ज, आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अंदर लेखी प्रमाण सहित मिले, अन्यथा बाद मियाद के योग्य लिखा पढ़ी करवा ली जावेगी व किसी भी प्रकार की आपत्ति हमारे पक्षकार एवं उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नहीं रहेगी।

पं. देवीप्रसाद शर्मा,
पं. अरविन्द शर्मा "जैमन" (एडव्होकेट्स)
जी/1-2, रॉयल कोर्ट चेम्बर, 28/1 मोती तबेला इंदौर मो.: 98260-72702, 99263-33393

जाहिर सूचना
For Booking Call : 99770 94493

सावधान जाहिर - सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रस्तावित क्रेता द्वारा भूखंड क्रमांक 425 (नगर पालिका मकान क्रमांक 10) के पूर्वी भाग, स्थित "नॉर्थ राजमोहल्ला" (स्ट्रीट नंबर 1), इंदौर (म.प्र.), पर ऋण प्राप्ति बाबद आवेदन किया है। उक्त संपत्ति मूलतः श्री कैलाशचंद जैन द्वारा विधिवत रूप से क्रय की गयी थी। तत्पश्चात श्री कैलाशचंद व श्री प्रकाश चन्द जैन के स्वर्गवास उपरांत उक्त संपत्ति (1) श्री राकेश जैन (2) श्री मुकेश जैन (3) श्री राजेश जैन (4) श्रीमती अनीता जैन (5) श्रीमती सुनीता, जैन (6) श्रीमती प्रीति जैन को उनके विधिक वारिस नाते प्राप्त हुई होकर स्वामी हुए हैं। अतः उक्त सम्पत्ति में श्री कैलाशचंद पिता माणकलाल जैन, के विधिक वारिसों के संबंध में या किसी भी व्यक्ति, बैंक, अन्य वित्तीय संस्थान, संस्था, निकाय, कोई न्यायालयीन विवाद, दावा आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे, बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार बैंक पर मान्य नहीं होगी।

वशिष्ठ ईनाणी एडव्होकेट
चेम्बर नंबर 107 प्रथम मंजिल, तनपुरावाला बिल्डिंग, जिला कोर्ट के सामने, इन्दौर म.प्र. दूरभाष - 0731-3549900, मो. 98263-05600

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, इन्दौर नगर पालिका निगम क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित ग्राम-कुमेड़ी, तहसील-मल्हारगंज, जिला इन्दौर के सर्वे क्रमांक 58/2/1 की रकबा 0.7462 हेक्टेयर कृषि भूमि मेसर्स जेकेएम इन्वेस्टमेन्ट प्रायवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय-36 ए, चौरंगी रोड, कोलकत्ता-700071 (प.बं.), स्थानीय कार्यालय-64, ट्युलिप श्रीराम एन्कलेव, ग्राम-कुमेड़ी, तहसील-मल्हारगंज, ज़िला इन्दौर के भूमिस्वामी स्वत्व एवं आधिपत्य की स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी कम्पनी के संचालकगणों को उक्त वर्णित सर्वे क्रमांक की कुल रकबा 0.7462 हेक्टेयर कृषि भूमि के विषय में समस्त प्रकार का बंधनकारक व्यवहार एवं निर्णय आदि करने का पूर्ण तथा वैधानिक अधिकार प्राप्त होने से, उन्होंने उपरोक्त वर्णित सर्वे क्रमांक की सम्पूर्ण भूमि पर बहुमंज़िला प्रकोष्ठ भवन निर्माण एवं विकास कार्य करने हेतु एवं उक्त भवन की विभिन्न निर्मित सम्पत्तियों का अन्तरण तथा हस्तान्तरण आदि करने हेतु मेरी पक्षकार कम्पनी को विधिवत् रुप से अधिकृत करने के इच्छुक है। उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य उपरोक्त वर्णित सर्वे क्रमांक की कुल रकबा 0.7462 हेक्टेयर भूमि बाबद् होने वाले भूमि विकास एवं निर्माण के इस व्यवहार बाबद किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या वित्तीय निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या विवाद हो अथवा विकास कार्य हेतु समर्पित की गई उक्त भूमि पर किसी का भी, किसी भी प्रकार से कोई ऋण, चार्ज, भार या बोझा हो तो, इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 10 (दस) दिन की समयावधि में मेरे समक्ष मय प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात् उपरोक्त वर्णित भूमि बाबद् विधिवत विकास अनुबंध लेख उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी से निष्पादित करवा कर पंजीबद्ध करवा लिया जावेगा एवं किसी की भी कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो विदित होवे। दिनांक : 15 सितम्बर, 2026

मुर्तज़ा आरिफ एडव्होकेट
कार्यालय-ए-09, न्यू सियागंज, माल गोडाउन रोड, वी.आई.पी. रुट नम्बर-1, इन्दौर (म.प्र.)
मो.: 98270-28152, 98264-28152

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइटः www.pspcl.in
संपर्क संख्याः 96461-10914

ई-टेंडर एनक्वायरी नंबर 7858/P-3/EMP-13431 दिनांक 09.09.2026

डिप्टी चीफ इंजीनियर/हेडक्वार्टर (प्रोक्योरमेंट सेल-3) GGSSTP, रूपनगर FD पंखों के स्पेयर पार्ट्स खरीदने के लिए ई-टेंडर ID नंबर 2026_POWER_175219_1 मंगा रहा है। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए कृपया 11.09.2026 को शाम 05.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोटः अगर कोई सुधार या अतिरिक्त जानकारी है, तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन पब्लिश किया जाएगा।

1079/12/2026-27/15153 RTP-87/26

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएनः U40109PB2010SGC033813, वेबसाइट : www.pspcl.in
(सम्पर्क नं : 96461-23323)

निविदा जांच संख्या पीपीआर 12/2026 दिनांक : 14.09.2026

चीफ इंजीनियर/PP&R ऑर्गनाइजेशन, शेड नंबर D-3, शक्ति विहार, PSPCL, पटियाला, इंटरस्टेट / इंट्रास्टेट सोर्स से बिजली सप्लाई के लिए तीन पार्ट बिड सिस्टम के तहत ई-टेंडर मंगा रहा है। ये सोर्स हैं: जेनरेटर, ट्रेडर जिनके पास CERC से एनर्जी की इंटरस्टेट ट्रेडिंग के लिए वैलिड इंटर स्टेट ट्रेडिंग लाइसेंस है, PSERC से एनर्जी की इंट्रास्टेट ट्रेडिंग के लिए इंट्रास्टेट ट्रेडिंग लाइसेंस है, स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, स्टेट इलेक्ट्रिसिटी यूटिलिटी, स्टेट, IPPs और CPPs। यह टेंडर 22 सितंबर 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगा। ई-बिडिंग पोर्टल का लिंक www.mstcecommerce.com है और यह मिनिस्ट्री ऑफ पावर (www.Powermin.nic.in) और PFC कंसल्टेंसी लिमिटेड (www.pfcindia.com) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन्स के लिए, कृपया 13.09.2026 से www.mstcecommerce.com देखें।

नोट : अगर कोई सुधार या एडेंडम होगा, तो उसे www.mstcecommerce.com ऑनलाइन पब्लिश किया जाएगा।

1079/12/2026-27/15157 C872/26

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

अंचल कार्यालय : महाराष्ट्र साहित्य सभा भवन, 688, म.गां. मार्ग, इन्दौर, फोन नं. 0731-2433887,2435924
E-mail : cmfsmc_ind@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल 1501, शिवाजी नगर, पुणे -5

ई- नीलामी विक्रय सूचना
चल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

आम जनता और खास तौर पर ऋणी, बंधककर्ता और जमानतदार को यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई चल संपत्ति गाड़ी/कार, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर के पास गिरवी है और जिसका कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र (सिक्योर्ड क्रेडिटर) के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे नीचे बताए गए खाते/खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए 'जैसा है, जहाँ है', 'जैसा है, वैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी ऑफर को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

ई-नीलामी की तिथि और समयः 06.10.2026 दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक (भारतीय समयानुसार)

शाखा/ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	चल संपत्ति का विवरण रजिस्ट्रेशन नं./ मेक / मॉडल /इंजिन नं. / चेसिस नं.	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि
1. श्री पीयूष खंडेलवाल पिता श्री कैलाश खंडेलवाल, प्रोपराईटर पीयूष टेडिंग कंपनी, 2. श्री पीयूष खंडेलवाल पिता श्री कैलाश खंडेलवाल, दोनों का पता - 110 इंदौर, मैकेनिक नगर, एमएन 240, तिलक मार्ग, पुराना बस स्टैंड सेंधवा, तिलक मार्ग, बड़वानी म.प्र. 451666 3. श्रीमती चेतना खंडेलवाल पति श्री पीयूष खंडेलवाल, पता - एमएन 240, तिलक मार्ग, वार्ड नंबर-5, पुराना बस स्टैंड, सेंधवा, बड़वानी म.प्र. 451666, शाखा: गवाड़ी, सेंधवा जिला बड़वानी मो.: 9306892418	रजिस्ट्रेशन नं.. DD-03-M-0153 Year of manufacturing - 2024 Model & Colour - LAND ROVER/RANGE ROVER VELAR/ 2.0 HSE DYNAMIC DIESEL Chasis No.-SALYA2AN0SL903152 Engine No.- 240208P0005204DTY कब्जे का प्रकार: भौतिक	₹75,73,165/- +भविष्य ब्याज + अन्य शुल्क दिनांक 19.08.2026 से	57,00,000.00 / 5,70,000.00. / 20,000.00

नियम एवं शर्तें : 1. गाड़ी / कार की ऑनलाईन ई-नीलामी, https://BAANKNET.COM/eauction-psb (टोल फ्री नं. 8291220220, ईमेल - support.BAANKNET@psballiance.com) द्वारा दिनांक 06.10.2026 पूर्वान्ह 01.00 बजे से अपरान्ह 05.00 बजे तक (भारतीय समयानुसार) 10 मिनट के प्रत्येक के असीमित स्वतः विस्तार के साथ, की जायेगी। धरोहर जमा धनराशि के साथ बोली / निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 06.10.2026, सायं 4.00 बजे तक है। इच्छुक खरीददार अपने खर्चों पर पूर्व नियुक्ति के साथ दिनांक 30.09.2026 तक अपरान्ह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक गाड़ी / कार का निरीक्षण कर सकते हैं। पूर्व नियुक्ति के लिये कृपया संबंधित शाखा से सम्पर्क करें। बोलीकर्ता 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र) प्रतिबोली के हिसाब से बोली बढ़ा सकते है।
2. बोलीकर्ताओं से आग्रह किया जाता है कि निलामी की प्रक्रिया में भाग लेने एवं अपनी निविदायें जमा करने के पूर्व, निविदा विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिये बैंक की वेबसाईट लिंक "http://www.bankofmaharashtra.in/properties_for_sale" provided in the Bank's website & on BAANKNET portal पर सम्पर्क करें एवं गाड़ी / कार के विवरण के संबंध में स्वयं संतुष्ट हो लें। नीलामी ई-बिक्री पोर्टल एवं निम्न वेबसाइट पर बेची जाएगी (https://BAANKNET.COM/eauction-psb).
3. अधिक जानकारी के लिए उल्लिखित मोबाइल नंबर पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें या जोनल ऑफिस इंदौर में अधिकृत अधिकारी और मुख्य प्रबंधक, श्री उमेश कुमार से मोबाइल नंबर: 9417570827, 9506055044 पर संपर्क करें
यह प्रकाशन उधारकर्ता/उधारकर्ताओं के लिए 15 दिन का नोटिस भी है।

स्थान : दिनांक : 14.09.2026
अधिकृत अधिकारी/शाखा प्रबंधक, गवाड़ी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंदौर ज़ोन